नवभारत टाइम्स

क्राइम पर तेजी से लगाम लगा रही है 'तेजस्वनी'





महिला पुलिसकर्मी रोज गश्त कर महिलाओं को जागरूक भी करती हैं

विस, अशोक विहार : नॉर्थ वेस्ट जिले की 'तेजस्वनी' फिर से सुर्खियों में है। वजह, अपराधियों की धरपकड़ जारी है। पिछले साल जुलाई महीने में संवेदनशील बीटों पर महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था।

डीसीपी उषा रंगनानी के मुताबिक, मॉडल टाउन थाने में तैनात सिपाही नंदिनी ने एक घोषित शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसी तरह अशोक विहार थाने में तैनात महिला सिपाही मोनिका ने अपहृत एक नाबालिग लड़की को मध्य प्रदेश के छतरपुर से सकुशल बरामद किया। वहीं, भारत नगर थाने में तैनात सिपाही कविता ने इलाके में अवैध शराब तस्करी पर रोक लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और आबकारी अधिनियम के तहत 10 मामले दर्ज किए हैं। इसी थाने में आशा की किरण के नाम से जानी जाने वाली महिला सिपाही किरण स्नैचिंग पर अंकुश लगाने में कामयाब हुई हैं। मुखर्जी नगर थाने में तैनात महिला हवलदार पूजा ने अपनी टीम के साथ तरुण नाम के चोर को पकड़ा, जिसके कब्जे से दो स्कूटी और अन्य सामान बरामद किया है। वहीं, केशवपुरम थाने में तैनात महिला सिपाही भारती, शकुंतला और सुमन ने तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार किया। इनमें दो महिलाएं हैं। इन महिला पुलिसकर्मियों ने लोकल इनपुट को मजबूत किया है।

हिन्दुस्तान

महिला पुलिसकर्मियों की टीम ने 229 बदमाश दबोचे

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

उत्तर पश्चिम जिला में महिला पुलिसकर्मियों की टीम ने छह माह में विभिन्न अपराधों में शामिल 229 बदमाशों को पकड़ा है। इसमें झपटमार एवं वाहन चोर भी शामिल हैं।

डीसीपी उषा रंगनानी ने बताया कि तेजस्विनी कार्यक्रम के तहत बीट स्टाफ के तौर पर महिला पुलिसकर्मियों की भूमिका बढ़ाई गई। इसके तहत पहले महिला पुलिसकर्मियों को महिलाओं एवं बुजुर्गों के मामलों को देखने के लिए नियुक्त किया गया। इस दौरान 516 महिलाओं एवं बुजुर्गों की सहायता की गई। साथ ही 21 शिविर का आयोजन किया गया और 1468 किशोरियों एवं युवतियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही महिला पुलिसकर्मियों को बीट में तैनात किया गया और बाइक से गश्त करने की जिम्मेदारी दी गई। बीते छह माह में महिला पुलिस कर्मियों ने 203 मामलों को सुलझाते हुए 229 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। महिलाओं से जुड़े पीसीआर कॉल की संख्या में 31 फीसदी तक की गिरावट आई है। वहीं, विभिन्न थानों की महिला पुलिसकर्मियों ने पांच सौ बोतल अवैध शराब भी बरामद की है।

203 मामले सुलझाए हैं महिला पुलिसकर्मियों की टीम ने छह माह में

31 फीसदी तक की गिरावट आई है महिलाओं से जुड़ी पीसीआर कॉल की संख्या में

1468 किशोरियों, युवतियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया

16

10 JAN 2022

अमर उजाला

महिला पुलिस कर्मियों से बदमाश खाने लगे खौफ

शराब तस्करी और झपटमारों पर अंकुश लगाने में मिली कामयाबी

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिम जिले में महिला केंद्रित सुरक्षा की पहल के परिणाम सामने आने लगे हैं। संवेदनशील बीट पर तैनात महिला पुलिसकर्मी अपराधियों को पकड़ने, अपराध की रोकथाम लगाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। जिला पुलिस उपायुक्त उषा रंगनानी ने बताया कि जुलाई 2021 में तेजस्विनी पहल के तहत संवेदनशील बीटों पर महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। पहल के शुरू होने के बाद से अपराधियों की रोकथाम में महिला पुलिसकर्मी उत्कृष्ट परिणाम दे रही हैं।

उन्होंने बताया कि मुखर्जी नगर थाने में तैनात महिला हवलदार पूजा ने अपनी टीम के साथ तरुण नाम के चोर को पकड़ा। जिसके कब्जे से दो स्कूटी और अन्य सामान बरामद किया है। वहीं केशवपुरम थाने में तैनात महिला सिपाही भारती, शकुंतला और सुमन ने तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार किया, जिसमें से दो महिलाएं शामिल हैं।

वहीं मॉडल टाउन थाने में तैनात सिपाही नंदिनी ने घोषित शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। इसी तरह अशोक विहार थाने में तैनात महिला सिपाही मोनिका ने अपहृत नाबालिग लड़की को छतरपुर मध्य प्रदेश से सकुशल बरामद किया। वहीं भारत नगर थाने में तैनात सिपाही कविता ने इलाके में अवैध शराब तस्करी पर रोक लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और आबकारी अधिनियम के तहत 10 मामले दर्ज किए हैं। इसी थाने में आशा की किरण के नाम से जाने जाने वाली महिला सिपाही किरण ने झपटमारी पर अंकुश लगाने में कामयाब हुई है।

इसके अलावा महिला पुलिसकर्मी महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ छेड़छाड़ और हिंसा के मामलों की रिपोर्ट करने के लिए उन्हें संवेदनशील बनाते हैं। साथ ही नियमित रूप से ईआरवी, क्यूआरटी, मोटरसाइकिल, स्कूटी पर गश्त भी करती हैं और क्षेत्र के नागरिकों की सुरक्षा को सुनिश्चित करती हैं।



शहर में गश्त करती महिला पुलिस।

Scanned with CamScanner